# उचित प्रक्रिया शिकायतें

**मिशिगन शिक्षा विभाग विशेष शिक्षा कार्यालय**
**(Michigan Department of Education Office of Special Education)**
**फरवरी 2022**

## प्रक्रिया विवरण

उचित प्रक्रिया शिकायत, मिशिगन शिक्षा विभाग (MDE) विशेष शिक्षा कार्यालय (OSE) को डाक, फैक्स या ईमेल द्वारा सबमिट की जाती है। यदि उचित प्रक्रिया शिकायत में समस्त आवश्यक जानकारी शामिल है, तो इसे एक केस नंबर दिया जाता है और मिशिगन प्रशासनिक सुनवाई और नियम कार्यालय Michigan Office of Administrative Hearings and Rules (MOAHR) को अग्रेषित किया जाता है। MOAHR एक एडमिनिस्ट्रेटिव लॉ जज (ALJ) को नियुक्त करता है जो यह निर्धारित करता है कि क्या शिकायत समुचित है और इसे उचित रूप से दर्ज किया माना जा सकता है। किसी भी ऐसी शिकायत हेतु जिसमें किसी बच्चे के साथ खास परिवार सेवा प्लान (IFSP) जुड़ी रहती है, MDE ऑफ़िस ऑफ़ ग्रेट स्टार्ट/अर्ली चाइल्डहुड डेवलपमेंट एंड फ़ैमिली एजुकेशन (Office of Great Start/Early Childhood Development and Family Education) को OSE द्वारा अधिसूचित किया जाता है ताकि प्रक्रिया में विकलांग व्यक्ति शिक्षा अधिनियम Disabilities Education Act (IDEA) Part C भाग सी कर्मचारियों के साथ समन्वय और भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

जब माता -पिता द्वारा शिकायत दर्ज की जाती है, तो डिस्ट्रिक्ट और माता -पिता के पास समाधान सत्र आयोजित करने और समझौते के लिए काम करने हेतु 15 दिन (7 दिन यदि शीघ्र किया जाए) होते हैं।


- यदि विवाद हल हो जाता है और समझौता हो जाता है, तो पक्ष सुनवाई को बंद करने का अनुरोध कर सकते हैं और केस बंद कर दिया जाता है।
- यदि समाधान सत्र नहीं होता है, या कोई समझौता नहीं हो पाता है, तो एडमिनिस्ट्रेटिव लॉ जज (ALJ) एक पूर्व-सुनवाई कान्फ्रेंस का आयोजन करता है।
- समाधान सत्र को रद्द करने के लिए डिस्ट्रिक्ट और माता-पिता दोनों सहमत हो सकते हैं।
- विशेष शिक्षा मध्यस्थता सेवाएं Special Education Mediation Services (SEMS) समाधान सत्र के लिए एक तटस्थ सूत्रधार की सेवाएं उपलब्ध करा सकती हैं।

उचित प्रक्रिया सुनवाई तक, मध्यस्थता किसी भी समय आयोजित की जा सकती है। मध्यस्थता बिना लागत वाली समस्या समाधान प्रक्रिया है जिसका उपयोग किसी विवाद को हल करने के लिए किया जाता है और इसकी अगुवाई प्रशिक्षित, तटस्थ, तृतीय-पक्ष मध्यस्थ करता है।

मुद्दों को स्पष्ट करने और वास्तविक उचित प्रक्रिया सुनवाई के लिए तिथियां निर्धारित करने हेतु होने वाले पूर्व-सुनवाई कांफ्रेन्स के दौरान दोनो पक्ष गवाह सूचियों और प्रस्तावित प्रदर्श का आदान-प्रदान करते हैं।
उचित प्रक्रिया सुनवाई के दौरान, दोनों पक्षों को सुना जाता है, और ALJ द्वारा एक लिखित निर्णय लिया जाएगा।

- जब केस खारिज कर दिया जाता है या वापस ले लिया जाता है तो केस बंद कर दिया जाता है।
- जब ALJ लिखित निर्णय जारी करता है, तो निर्णय का ऑर्डर सुधारात्मक कार्रवाई के साथ या उसके बिना दिया जा सकता है।
    - जब सुधारात्मक कार्रवाई का आदेश दिया जाता है, तो सुधारात्मक कार्रवाई को अंतिम आदेश जारी होने की तारीख से एक वर्ष के भीतर पूरा किया जाना चाहिए। OSE सुधारात्मक कार्रवाई की प्रगति की निगरानी तब तक करता है जब तक कि सुधार नहीं कर दिया जाता है और सभी सुधारात्मक कार्रवाई गतिविधियां पूरी नहीं हो जाती हैं। सुधारात्मक कार्रवाई के पूरा होने के बाद केस बंद कर दिया जाता है।
- यदि कोई भी पक्ष लिखित निर्णय से असहमत होता है, तो पक्ष उच्च न्यायालय में अपील कर सकता है।

# विशेष शिक्षा उचित प्रक्रिया कार्यविधि




**क्या आपके प्रश्न हैं?**

**इंफॉर्मेशन लाइन से 888.320.8384 या mde-ose@michigan.gov पर संपर्क करें।**

MICHIGAN Department of Education

## प्रासंगिक परिभाषाएँ

**ALJ** - एडमिनिस्ट्रेटिव लॉ जज का आशय ऐसे व्यक्ति से है, जिसे सुनवाई प्रणाली द्वारा किसी विवादित केस या अन्य मामले का पीठासीन अधिकारी तय किया जाता है और सुनवाई का कार्य सौंपा गया है, जिसमें ट्रिब्यूनल सदस्य, सुनवाई अधिकारी, पीठासीन अधिकारी, रेफरी और मजिस्ट्रेट शामिल हैं, लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं है।

**अपील** – उच्च अधिकारी के निर्णय पर पुनर्विचार करने के लिए की गई कार्यवाही।

**केस खारिज** – ALJ द्वारा उचित प्रक्रिया शिकायत को न्यायालय के डॉकेट से हटा दिया जाता है और बंद कर दिया जाता है।

**केस वापस ले लिया** – उचित प्रक्रिया शिकायत को ALJ या शिकायतकर्ता द्वारा अदालत के डॉकेट से हटा दिया जाता है।

**सुधारात्मक कार्रवाई -** यदि कोई ALJ सुधारात्मक कार्रवाई जारी करता है, तो अनुपालन का प्रमाण विशेष शिक्षा कार्यालय (Office of Special Education) को प्रदान किया जाना चाहिए।

**शीघ्र सुनवाई** - शीघ्र उचित प्रक्रिया सुनवाई ऐसी सुनवाई है जिसमें अनुशासनात्मक मामले के संबंध में उचित प्रक्रिया शिकायत शामिल होती है, जो 34 CFR 300.507 से 34 CFR 300.516 के अनुसार आयोजित उचित प्रक्रिया सुनवाई की तुलना में कम समयसीमा के अधीन होती है।

**अंतिम निर्णय** - लिखित निर्णय जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- प्रक्रियात्मक इतिहास (दाखिल करने की तारीख, पत्राचार की तारीखें, सुनवाई की तारीखें)
- गवाह सूची (जिन व्यक्तियों ने सुनवाई में गवाही दी)
- प्रदर्श सूची (छात्र ट्रांसक्रिप्ट, छात्र उपस्थिति रिकॉर्ड, IEP/IFSP)
- मुद्दे (माता-पिता और डिस्ट्रिक्ट के बीच विवाद से जुड़े मुद्दे जिस पर ALJ को सुनवाई के दौरान निर्णय करना है)
- लागू कानून (प्रासंगिक IDEA नियमों और MARSE नियमों की पहचान की जाती है)
- तथ्य के निष्कर्ष (प्रस्तुत जानकारी पर आधारित तथ्य। दस्तावेज, गवाही और स्वीकृत प्रदर्श हो सकते हैं)
- कानून के निष्कर्ष (केस के विशेष तथ्यों के लिए विनियमों, नियमों और केस संबंधी कानून को लागू करना। निष्कर्ष का सारांश प्रदान करता है)
- आदेश (उपरोक्त जानकारी के आधार पर लिया गया निर्णय)

- निर्णय के संबंध में अपील करने के तरीके की जानकारी

**सुनवाई** - विवाद में शामिल मुद्दों को हल करने के लिए आयोजित सुनवाई जहां दोनों पक्षों को सुना जाता है, और ALJ द्वारा निर्णय लेता है। जब केस खारिज कर दिया जाता है या वापस ले लिया जाता है तो केस बंद कर दिया जाता है। जब लिखित निर्णय जारी किया जाता है, तो निर्णय में सुधारात्मक कार्रवाई के साथ या उसके बिना आदेश शामिल हो सकते हैं।

**MARSE** - विशेष शिक्षा के लिए मिशिगन प्रशासनिक नियम (Michigan Administrative Rules for Special Education)

**MDE OSE** – मिशिगन शिक्षा विभाग ऑफ़िस ऑफ़ स्पेशल एजुकेशन (Michigan Department of Education Office of Special Education)

**मध्यस्थता** - मध्यस्थता निःशुल्क, सहयोगात्मक, समस्या समाधान प्रक्रिया है, जिसका उपयोग IDEA के तहत किसी भी विवाद को हल करने के लिए किया जा सकता है। मध्यस्थता की अगुवाई प्रशिक्षित, तटस्थ, तृतीय-पक्ष मध्यस्थ द्वारा की जाती है। मध्यस्थता किसी भी समय आयोजित की जा सकती है, यहाँ तक कि उचित प्रक्रिया सुनवाई के समय तक भी ऐसा किया जा सकता है।

**MOAHR -** मिशिगन प्रशासनिक सुनवाई और नियम कार्यालय (Michigan Office of Administrative Hearings and Rules)

**पूर्व-सुनवाई कांफ्रेन्स -** शिकायत में मुद्दों को स्पष्ट करने और वास्तविक उचित प्रक्रिया सुनवाई के लिए तारीखों का निर्धारण करने के लिए सुनवाई, जिसमें पक्ष गवाहों की सूची और प्रस्तावित प्रदर्श का आदान-प्रदान करते हैं।

**समाधान सत्र -** जब माता-पिता स्कूल डिस्ट्रिक्ट के खिलाफ सुनवाई का अनुरोध करते हुए उचित प्रक्रिया की शिकायत दर्ज करते हैं, तो एक समाधान मीटिंग आयोजित की जाती है। समाधान मीटिंग आयोजित करने के लिए डिस्ट्रिक्ट को माता-पिता से संपर्क करना आवश्यक है। समाधान मीटिंग का उद्देश्य माता-पिता और डिस्ट्रिक्ट को माता-पिता की शिकायत पर चर्चा करने और सुनवाई के बिना विवाद के त्वरित और शीघ्र समाधान तक पहुंचने का अवसर प्रदान करना है।

## क्या आपके प्रश्न हैं?

इंफॉर्मेशन लाइन से 888-320-8384 या mde-ose@michigan.gov पर संपर्क करें।